Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 01-03-2007

Participants : Thummar Shri Virjibhai

Title: Need to give due weightage to the suggestions of Members of Parliament by the Finance Commission.

श्री वी.के.ठुम्मर (अमरेली) : महोदय, भारत सरकार समय-समय पर वित्त आयोग का गठन देश की अर्थव्यवस्था एवं वित्त व्यवस्था को सुचारू रुप से चलाने हेतु करती है, परंतु इस आयोग के गठन से लेकर कार्यों की चर्चा करने में केवल नौकरशाही, उद्योगपतियों एवं व्यापारी लोग भूमिका निभाते हैं। इसलिए वित्त आयोग के कार्यों में सांसदों की राय ली जाए और जो कार्य जिस सांसद के क्षेत्र में हो रहे हैं, उससे संबंधित सांसद को अवगत करवाया जाए और राय भी ली जाए।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वित्त आयोग के गठन एवं कार्यो के निपादन में सांसदों की राय ली जाए और आम आदमी के जीवन स्तर का अवलोकन भी किया जाए। साथ ही साथ मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली में 12वें वित्त आयोग द्वारा जो कार्य किये गये हैं, उसकी जानकारी उपलब्ध करवाई जाए।